## 150th Birth Anniversary of Srila Bhaktisiddhanta Saraswati Prabhupad'

Born on 6th Februrary 1874 in Puri, as the seventh child of Sri Kedarnath Dutta and Bhagwati Devi, Srila Bhakti Siddhanta Saraswati Goswami Prabhupad was provided many name. His given name was Bimala Prasad, which was conferred upon him at time of his birth in 1874 by his father Sri Kedarnath Dutta, who later came to be known as Srila Bhakti-Vinode Thakur. During his lifetime, he often used to sign as 'Siddhanta Saraswati'. As mentioned in one Sanskrit book, he is also referred as 'Sri Varshabhanavi-Dayita-Das'. Gaudiya Vaishnava Sampradaya recognizes him as Srila Prabhupad to this date.

He started his formal education at an English school at Ranaghat, in the district of Nadia, present day West Bengal. From his very childhood days, his spiritual inclination was remarkable. At the age of nine he memorized seven hundred verses of the Bhagavad Gita in Sanskrit. From his early childhood, Bimala Prasad demonstrated a sense of strict moral behaviour, a sharp intelligence, and an eidetic memory.

In early 1880, he was initiated by his father into Harinama-japa, a traditional Gaudiya Vaishnava practice of meditation based on the soft recitation of the Hare Krishna mantra on Tulsi beads. In the year 1887, he joined Calcutta Metropolitan Institution (Vidyasagar College) and received modern education to compete with others. While studying the compulsory subjects, he also pursued sanskrit, mathematics and jyotisha (traditional Indian astronomy). His proficiency in these subjects was soon recognized by his tutors and he was awarded the honorary title "Siddhanta Saraswati", which he adopted as his pen name from then on. Thereafter, he entered Sanskrit College, one of finest institutions in Calcutta where he added Indian philosophy and ancient history to his study list.

In January, 1901, Srila Bhaktisiddhanta Saraswati Goswami accepted Gour Kishore Das Babaji, as his spiritual master and received a new name Varsha Bhanavi-devi-Daita Dasa. After passing away of his father and his Guru to the spiritual world, Bimala Prasad accepted Sanyas and started to be known as Bhaktisiddhanta Saraswati Goswami. Thereafter, he went on a pilgrimage of India's holy places.

In India, the spiritual life of the people was plagued by the prevalent ugly religious practices and dogma. Srila Prabhupad was the first spiritual reformer who revived the tenet of Vaishnavism, the religion of humanity and universal brother hood, as propounded by Sri Chaitanya Mahaprabhu. He spearheaded one of the most powerful reformist movements of the 20th century through establishment of Gaudiya Math in 1918. This movement paralleled the efforts of Swami Vivekananda establishing Ramkrishna Mission. Srila Prabhupad's movement presently extents throughout the World.

Srila Prabhupad was a preacher and preserver of "the *world Hare Krishna movement*. Today this movement is praised throughout the world for rich Indian culture. He also spread the doctrines of universal brotherhood and peace. In the present violence ridden world, Srila Prabhupad's profound preaching of Vaishnavism is the epitome of non-violence. In a world filled with conflict, intolerance, and violence, his teachings offer a new perspective on the importance of non-violence and compassion. The principles of Vaishnavism, emphasizing devotion to Lord Krishna and universal brotherhood, provide a foundation for fostering peace and understanding among all living beings.

To propagate the teachings of Sri Chaitanya Mahaprabhu, he published spiritual magazines and daily newspaper, like Sajjan Toshini/ Harmonist, Gaudiya, Dainik Nadia Prakash in Bengali, Bhagbat in Hindi, Kirtan in Asamese and Paramarthi in Odiya. He also established number of printing press in different places to facilitate printing of these publications and other Vaishnava texts.

He sent preaching envoys to London and other countries in Europe. To set the tune, in the year 1933, Shri Krishna Chaitanya, a voluminous English language book, portraying Sri Chaitanya Mahaprabhu as the protagonist of Bhakti, was released for distribution targeting the western elites. Srila Prabhupad organized several Bhagavat Exhibitions, together with Agricultural and Industrial fete at different places in India depicting local theme to educate people.

In the year 1935, Para Vidya Peeth, conveying the best and the highest form of all education – the education of self-realization along with 'Love for All' at the cost of egoistic attitudes, following in the foot-steps of Sri Krishna Chaitanya Mahaprabhu, was establish at Gaudiya Mission Bagbazar. He also established several other Education and Research Institutions including, Thakur Bhakti Vinode Institute, a residential public High School and Thakur Bhakti Vinode Research Institute" for encouraging research and advanced studies in the teachings of Srila Thakur Bhakti Vinode and Gaudiya Vaishnav literature in general.

Srila Prabhupad vehemently opposed customary Hindu cast restrictions on social background as religious eligibility and the exclusive right of the cast Brahmins to interpret religious texts and advocated the view that Vishnu Temples should be opened for everyone. He brought about a social transformation by removing all sectarian divides including traditional Varnashrama concept, orthodox religious practices, superstitions and dogma prevalent in the spiritual life of the people in India.

Srila Prabhupada was a great thinker and his literary skills were remarkable. He influenced a group of well-educated adherents with missionary zeal, who joined him to carry forward his movement, particularly in India and as well as the western world. Great freedom fighters like Netaji Subhas Chandra Bose, Dr. Shyama Prasad Mukherjee, Tripuradhis Maharaja Manikya Bahadur , Sri Madan Mohan Malviya and Raja Gopalachari were influenced by his social and spiritual work and believed that spiritual inspiration to the youth was vital for the independence of India.

On 1st January 1937 Srila Bhaktisidhanta Saraswati Goswami Prabhupad departed from this mundane world leaving his legacy of right way of devotional practices based on the ancient vedic scriptures.

Department of Posts is pleased to issue Commemorative Postage Stamp on 150th Birth Anniversary of Srila Bhaktisiddhanta Saraswati Prabhupad and salutes his immense contribution in the spiritual upliftment of millions in India and abroad.

### Credits:

| | | |
|---|---|---|
| Stamp/FDC/Brochure | : | Shri Suresh Kumar |
| Cancellation Cachet | : | Shri Suresh Kumar |
| Text | : | Referenced from content provided by Proponent |


भारतीय डाक
India Post

डाक विभाग
**Department of Posts**

# विवरणिका BROCHURE

150 वीं जन्म वर्षगांठ 1874-2024
150th BIRTH ANNIVERSARY

श्रील भक्तिसिद्धांत सरस्वती प्रभुपाद
SRILA BHAKTISIDDHANTA SARASWATI PRABHUPAD



# श्रील भक्तिसिद्धांत सरस्वती प्रभुपाद की 150वीं जन्म वर्षगांठ

श्रील भक्तिसिद्धांत सरस्वती गोस्वामी प्रभुपाद का जन्म 6 फरवरी, 1874 को पुरी में श्री केदारनाथ दत्त और भगवती देवी के घर हुआ। वे अपने माता–पिता की सातवीं संतान थे। वे विभिन्न नामों से जाने जाते हैं। उनका बचपन का नाम विमला प्रसाद था, जो 1874 में उनके जन्म के समय उनके पिता श्री केदारनाथ दत्त द्वारा दिया गया था। बाद में वे श्रील भक्ति–विनोद ठाकुर के नाम से जाने गए। श्रील भक्तिसिद्धांतजी प्रायः 'सिद्धांत सरस्वती' के नाम से हस्ताक्षर करते थे। संस्कृत की एक पुस्तक में उन्हें 'श्री वर्षा भानवी–दैता–दास' की संज्ञा दी गई। गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय में आज भी वे श्रील प्रभुपाद के नाम से जाने जाते हैं।

श्रील प्रभुपाद ने अपनी औपचारिक शिक्षा वर्तमान पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के राणाघाट के एक अंग्रेजी स्कूल में आरंभ की। बचपन से ही उनमें अध्यात्म के प्रति गहरी रुचि थी। नौ साल की आयु में ही उन्होंने संस्कृत में भगवद गीता के सात सौ श्लोक कंठस्थ कर लिए थे। विमला प्रसाद बचपन से ही कड़े नैतिक आचार, कुशाग्र बुद्धिमत्ता और विलक्षण स्मरण शक्ति के धनी थे।

1880 की शुरुआत में, उनके पिता ने उन्हें हरिनाम–जप की दीक्षा दी। यह एक पारंपरिक ध्यान आधारित गौड़ीय वैष्णव प्रथा है, जिसमें तुलसी की माला पर 'हरे कृष्ण' मंत्र का मधुर जाप किया जाता है। 1887 में, उन्होंने कलकत्ता मेट्रोपॉलिटन इंस्टीट्यूशन (विद्यासागर कॉलेज) में प्रवेश लिया और आधुनिक शिक्षा ग्रहण की। अनिवार्य विषयों का अध्ययन करने के साथ–साथ उन्होंने संस्कृत, गणित और ज्योतिष शास्त्र (पारंपरिक भारतीय खगोल विज्ञान) का भी अध्ययन किया। विमला प्रसाद के शिक्षकों ने इन विषयों में उनकी दक्षता को जल्द ही पहचान लिया और उन्हें "सिद्धांत सरस्वती" की मानद उपाधि से सम्मानित किया। तत्पश्चात उन्होंने इसे अपने उपनाम के रूप में धारण कर लिया। इसके बाद, श्रील भक्तिसिद्धांतजी ने कलकत्ता की बेहतरीन संस्थानों में से एक, 'संस्कृत कॉलेज' में प्रवेश लिया, जहाँ उन्होंने भारतीय दर्शनशास्त्र और प्राचीन इतिहास का अध्ययन किया।

जनवरी, 1901 में, श्रील भक्तिसिद्धांत सरस्वती गोस्वामी ने गौरकिशोर दास बाबाजी को अपना आध्यात्मिक गुरु मान लिया, जिन्होंने उन्हें 'श्री वर्षा भानवी–दैता–दास' का नाम दिया। उनके पिता और गुरू की मृत्यु के बाद विमला प्रसाद ने संन्यास धारण कर लिया और भक्तिसिद्धांत सरस्वती गोस्वामी के नाम से पहचाने जाने लगे है। तत्पश्चात् वे भारत के पवित्र तीर्थ स्थानों की यात्रा पर निकल पड़े।

भारत में लोगों का आध्यात्मिक जीवन विकृत धार्मिक प्रथाओं और रूढ़ियों से ग्रस्त था। श्रील प्रभुपाद ऐसे पहले आध्यात्मिक सुधारक थे, जिन्होंने श्री चैतन्य महाप्रभु द्वारा प्रतिपादित वैष्णववाद के सिद्धांत अर्थात मानवतावादी धर्म और विश्व बंधुत्व को पुनर्स्थापित किया। वर्ष 1918 में गौड़ीय मठ की स्थापना के साथ श्रील प्रभुपाद ने 20वीं सदी के एक सबसे बड़े माने जाने वाले सुधारवादी आंदोलनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह आंदोलन रामकृष्ण मिशन की स्थापना करने वाले स्वामी विवेकानंद के प्रयासों के समान था। श्रील प्रभुपाद के इस आंदोलन का विस्तार, वर्तमान में पूरे विश्व में है।

श्रील प्रभुपाद "वैश्विक हरे कृष्ण आंदोलन" के प्रचारक और संरक्षक थे। समृद्ध भारतीय संस्कृति के संदर्भ में इस आंदोलन की आज विश्वभर में प्रशंसा की जाती है। उन्होंने विश्व बंधुत्व और शांति के सिद्धांतों का भी प्रचार–प्रसार किया। वर्तमान के हिंसाग्रस्त विश्व में, श्रील प्रभुपाद के वैष्णव धर्म के गूढ़ उपदेश, अहिंसा का साक्षात उदाहरण हैं। युद्ध असहिष्णुता और हिंसा से ग्रस्त आज की दुनिया में, श्रील प्रभुपाद की शिक्षाएँ अहिंसा और करुणा के महत्व को लेकर एक नया दृष्टिकोण प्रदान करती हैं। वैष्णववाद के सिद्धांत, भगवान कृष्ण के प्रति समर्पण और विश्वबंधुत्व पर बल देते हुए, सभी प्राणियों के बीच पारस्परिक शांति और समझ बढ़ाने का आधार प्रदान करते हैं।

श्री चैतन्य महाप्रभु की शिक्षाओं का प्रचार–प्रसार करने के लिए, श्रील प्रभुपाद ने बंगाली में सज्जन तोषिणी/हारमोनिस्ट, गौड़ीय, दैनिक नादिया प्रकाश, हिंदी में भागवत, असमिया में कीर्तन और उड़िया में परमार्थी जैसी आध्यात्मिक पत्रिकाएं और दैनिक समाचार पत्र प्रकाशित किए। उन्होंने इन पत्र–पत्रिकाओं व अन्य वैष्णव ग्रंथों के मुद्रण के लिए विभिन्न स्थानों पर कई मुद्रणालय भी स्थापित किए।

श्रील प्रभुपाद ने उपदेश देने के प्रयोजन से लंदन और यूरोप के अन्य देशों में अपने प्रतिनिधियों को भी भेजा। वर्ष 1933 में, पश्चिमी अभिजात वर्ग को ध्यान में रखते हुए, श्री कृष्ण चैतन्य नाम से अंग्रेजी भाषा में एक विशाल ग्रंथ प्रकाशित कर वितरित किया गया, जिसमें श्री चैतन्य महाप्रभु को भक्ति के नायक के रूप में दर्शाया गया था। श्रील प्रभुपाद ने अनेक भागवत प्रदर्शनियों का आयोजन किया। लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से भारत के विभिन्न स्थानों में आयोजित ये प्रदर्शनियां कृषि और औद्योगिक उत्सवों के साथ–साथ स्थानीय थीम पर आधारित होती थी।

वर्ष 1935 में, श्रील प्रभुपाद ने श्री कृष्ण चैतन्य महाप्रभु के पदचिन्हों पर चलते हुए गौड़ीय मिशन बागबाजार में पारा विद्या पीठ की स्थापना की। इस विद्यापीठ में अपने अहम के भाव को समाप्त करते हुए सभी प्रेम भाव बनाने की सर्वोपरि शिक्षा प्रदान की जाती है। श्रील प्रभुपाद ने श्रील ठाकुर भक्ति विनोद की शिक्षाओं के साथ–साथ गौड़ीय विष्णु साहित्य में शोध और उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए ठाकुर भक्ति विनोद संस्था नामक एक आवासीय सार्वजनिक हाई स्कूल और ठाकुर भक्ति विनोद अनुसंधान संस्थान सहित कई अन्य शिक्षण और अनुसंधान संस्थानों की भी स्थापना की।

श्रील प्रभुपाद ने धार्मिक पात्रता हेतु जाति संबंधी रूढ़िगत परंपराओं का पुरजोर विरोध किया, जिनके अंतर्गत धार्मिक ग्रंथों की व्याख्या करने का अधिकार केवल ब्राह्मणों को दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि विष्णु मंदिरों के द्वार, समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए खुले होने चाहिए। वे भारत के लोगों के आध्यात्मिक जीवन में व्याप्त वर्णाश्रम अवधारणा, रूढ़िवादी धार्मिक प्रथाओं, अंधविश्वासों और रूढ़ियों सहित सभी सांप्रदायिक अलगावों को समाप्त कर समाज में बड़ा परिवर्तन लाए।

श्रील प्रभुपाद एक महान विचारक और विलक्षण साहित्यिक प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने अपने कुछेक सुशिक्षित अनुयायियों के एक समूह को प्रेरित कर उनमें मिशनरी उत्साह का संचार किया, ताकि देश–विदेश में उनके अभियान को आगे बढ़ाया जा सके। नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, त्रिपुराधीश महाराजा माणिक्य बहादुर, श्री मदन मोहन मालवीय और राज गोपालाचारी जैसे महान स्वतंत्रता सेनानी उनके सामाजिक और आध्यात्मिक कार्यों से प्रभावित थे और मानते थे कि भारत की स्वतंत्रता के लिए युवा पीढ़ी को आध्यात्मिक रूप से प्रेरित करना आवश्यक है।

1 जनवरी 1937 को श्रील भक्तिसिद्धांत सरस्वती गोस्वामी प्रभुपाद ने इस नश्वर संसार का त्याग कर दिया। वे, अपने पीछे प्राचीन वैदिक ग्रंथों पर आधारित भक्ति प्रथाओं की एक समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं।

डाक विभाग, श्रील भक्तिसिद्धांत सरस्वती प्रभुपाद की 150वीं जन्म वर्षगांठ पर स्मारक डाक–टिकट जारी करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है और देश–विदेश में लाखों लोगों के आध्यात्मिक उत्थान में उनके असीम योगदान को नमन करता है।


**आभार :**

| | | |
|---|---|---|
| डाक–टिकट/प्रथम दिवस आवरण/विवरणिका | : | श्री सुरेश कुमार |
| विरूपण कैशे | : | श्री सुरेश कुमार |
| पाठ | : | प्रस्तावक द्वारा प्रदत्त सामग्री से संदर्भित। |


## तकनीकी आंकड़े

**TECHNICAL DATA**

| | | |
|---|---|---|
| मूल्यवर्ग | : | 500 पैसे |
| Denomination | : | 500 p |
| मुद्रित डाक टिकटें | : | 201600 |
| Stamps Printed | : | 201600 |
| मुद्रण प्रक्रिया | : | वेट ऑफसेट |
| Printing Process | : | Wet Offset |
| मुद्रक | : | प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद |
| Printer | : | Security Printing Press, Hyderabad |

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html


©डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

©Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.


मूल्य ₹ 5.00